Number of Pages in Booklet : 16
पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 16

Serial No. of Booklet **050078**
पुस्तिका क्रमांक

Number of Questions in Booklet : 100
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 100

# URATPG-2019

## SANSKRIT

### Subject Code / विषय कोड-05

Roll No. of Candidate/अभ्यार्थी का अनुक्रमांक : ..........................................

OMR Serial Number/ओ.एम.आर. क्रमांक : ..........................................

Signature of Candidate/अभ्यार्थी के हस्ताक्षर : ..........................................

Date of Examination/परीक्षा तिथि : ..........................................

Signature of Invigilator/ वीक्षक के हस्ताक्षर : ..........................................

**Time/समय : Two hours/दो घण्टे** **Maximum Marks/पूर्णांक : 100**

SAMPLE PAPER

**INSTRUCTIONS**

1. Answer all questions.
2. All questions carry equal marks.
3. In this booklet, the questions from serial no. 01 to serial no. 100 are subject specific.
4. Each question has four alternatives marked as (A), (B), (C), (D).
5. Choose only one alternative as an answer of a question.
6. If more than one answer is marked, then it will be treated as wrong answer.
7. Candidate has to darken only one circle indicating the correct answer on the OMR, sheets by using **BLUE / BLACK BALL POINT PEN**.
8. There is no provision of **Negative marking**.
9. Carrying Mobile phone in the examination hall is strictly prohibited. If any objectionable material is also found, then action will be taken as per University norms.
10. Please fill your Roll No. and other information carefully on OMR sheet. In case of any mistake on OMR sheet, candidate will be responsible.
11. If there is any difference between English and Hindi version of questions, the English version shall be correct.

**निर्देश**

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान है।
3. इस प्रश्न पुस्तिका में क्रमांक 1 से क्रमांक 100 तक के प्रश्न विषय से संबंधित हैं।
4. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर है जिन्हें क्रमशः (A), (B), (C), (D) से अंकित किया गया है।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक विकल्प उत्तर के रूप में चुनिये।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न का उत्तर गलत माना जायेगा।
7. अभ्यर्थी को सही उत्तर हेतु केवल एक गोले को ओ.एम. आर. शीट पर **नीले/काले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है।
8. **नकारात्मक अंक** प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं है।
9. मोबाइल फोन का परीक्षा हॉल में लाना पूर्णतया निषिद्ध हैं। साथ ही कोई भी अन्य वर्जित सामग्री मिलने पर विश्वविद्यालय के नियामुनासार कार्यवाही होगी।
10. अभ्यर्थी अपने रोल नम्बर एवं अन्य जानकारियों ओ.एम.आर. शीट पर सावधानी से भरें। ओ.एम.आर. शीट पर कोई भी त्रुटि होने पर उसका पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का होगा।
11. यदि प्रश्न के हिन्दी और अंग्रेजी रूपान्तरणों के मध्य किसी प्रकार का फर्क पाया जाता है, तब अंग्रेजी रूपान्तरण को ही सही माना जायेगा।

1. भास द्वारा रचित 'स्वप्न-वासवदत्तम्' नाटक कितनें अंक का है?

(A) 4 अंक

(B) 5 अंक

(C) 6 अंक

(D) 7 अंक।

2. 'स्वप्न-वासवदत्तम्' नाटक की नायिका का नाम क्या है?

(A) वासदत्ता

(B) पद्मावती

(C) विजया

(D) मधुकरिका।

3. 'स्वप्न-वासवदत्तम्' नाटक का नायक 'उदयन' किस देश का राजा था?

(A) मगध देश का

(B) वत्सदेश का

(C) उज्जियिनी का

(D) काम्पिल्य देश का।

4. 'वासवदत्ता' के पिता का नाम क्या है?

(A) प्रद्योत

(B) पुष्पका

(C) आरूणि

(D) रूपण्वान।

5. 'नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः' से किस नाटककार के नाटकों का आरम्भ होता है?

(A) कालिदास

(B) शूद्रका

(C) विशाखदत्त

(D) भास।

6. भर्तृहरि के अनुसार सुभाषित मृत्यु के साथ शरीर में ही नष्ट हो जाते हैं, क्योंकि -

(A) ज्ञानी और विद्वान् लोग ईर्ष्या से ग्रस्त हैं

(B) शासक अभिमान से दूषित हैं

(C) शेष लोग अज्ञान से पीडित हैं

(D) उपर्युक्त सभी कारणों से।

7. भर्तृहरि के अनुसार विद्वानों की सभा में 'मौन' किसका आभूषण है?

(A) पण्ड्तिों का

(B) शासकों का

(C) अभिमानियों का

(D) मूर्खों का।

8. गंगा की तरह किसका पतन सैकड़ों प्रकार से होता है?

(A) धर्म-भ्रष्ट का

(B) पथ-भ्रष्ट का

(C) विवेक-भ्रष्ट का

(D) कर्म-भ्रष्ट का।

SAMPLE PAPER

9. 'भर्तृहरि' ने किस मनुष्य को पूँछ और सींग से रहित साक्षात् पुशु कहा है?

(A) जो साहित्य विहीन है

(B) जो कला विहीन है

(C) जो संगीत विहीन है

(D) जो उपर्युक्त तीनों से विहीन है।

10. भर्तृहरि के अनुसार किस पुरूष को ब्रह्मा भी नहीं समझा सकता?

(A) अज्ञानी को

(B) बिशेषज्ञ को

(C) अल्प ज्ञान मात्र से अभिमानी को

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

11. भर्तृहरि के अनुसार शास्त्रों में सभी की दवाई का वर्णन है, किन्तु किसी दवा का उल्लेख नहीं है?

(A) मुर्ख की दवा का

(B) बिशेषज्ञ की दवा का

(C) नास्तिक की दवा का

(D) आस्तिक की दवा का।

12. 'रघुवंशम्' काव्य की कौन सी विद्या है?

(A) महा काव्य

(B) खण्ड काव्य

(C) चम्पू काव्य

(D) मुक्तक काव्य।

13. 'रघुवंशम्' किस कवि की रचना है?

(A) भारवि

(B) कालिदास

(C) अश्वघोष

(D) श्रीहर्ष।

14. 'रघुवशम्' के प्रथम सर्ग के प्रथम श्लोक में कवि ने वाणी के अर्थ की सिद्धि के लिए किसकी वन्दना की है?

(A) विष्णु की

(B) सरस्वती की

(C) ब्रह्मा की

(D) शिव-पार्वती की।

15. 'रघुवंशम्' के प्रथम सर्ग के आरम्भ में किस राजा का वर्णन है?

(A) राजा दिलीप

(B) राजा रघु

(C) राजा अज

(D) राजा दशरथ।

16. 'विद्यालयंपतिः ग्रामः अस्ति।' काव्य का शुद्ध हिन्दी अनुवाद क्या है?

(A) विद्यालय के सम्मुख गाँव है

(B) विद्यालय के दोनों ओर गाँव है

(C) विद्यालय के चारों ओर गाँव है

(D) विद्यालय के समीप गाँव है।

SAMPLE PAPER

17. 'नम: के प्रयोग में कौन सी विभक्ति होती है?

(A) पंचमी

(B) द्वितिया

(C) सप्तमी

(D) चतुर्थी।

18. संस्कृत में संज्ञा, विशेषण, और सर्वनाम शब्दों की कितनी विभक्तियाँ होती हैं?

(A) 7

(B) 6

(C) 5

(D) 3

19. संस्कृत में कारक कितनें होते हैं?

(A) 5

(B) 7

(C) 6

(D) 8

20. प्राचीन समाज व्यवस्था कितने वर्णों में विभक्त थी?

(A) चार

(B) पाँच

(C) दो

(D) तीन।

21. प्राचीन समाज व्यवस्था में कुल कितनें संस्कार मान्य थे?

(A) 8

(B) 12

(C) 16

(D) 14

22. आश्रम व्सवस्था का आरम्भ किस संस्कार से होता है?

(A) उपनयन संस्कार से

(B) गर्भाधान संस्कार से

(C) सीमन्तोन्नयन संस्कार से

(D) जातकर्म संस्कार से।

23. प्राचीन समाज व्यवस्था में विद्यार्जन का अरम्भ किस संस्कार से होता है?

(A) सीमान्तोन्नयन संस्कार से

(B) चूड़ाकर्म संस्कार से

(C) उपनयन संस्कार से

(D) जातकर्म संस्कार से।

24. प्राचीन समाज व्यवस्था में मानव का 100 वर्ष का जीवन चार आश्रमों में विभक्त था, जिनमें प्रथम आश्रम था:-

(A) वानप्रस्थ आश्रम

(B) ब्रह्मचर्य आश्रम

(C) ग्रहस्थ आश्रम

(D) सन्यास आश्रम।

SAMPLE PAPER

25. 'किरातार्जुनीयम्' काव्य की कौन-सी विद्या है?

(A) मुक्तक काव्य

(B) खण्ड काव्य

(C) चम्पू काव्य

(D) महा काव्य।

26. 'किरातार्जुनीयम्' के रचयिता कौन है?

(A) भारवि

(B) माघ

(C) कालिदास

(D) अश्वघोष।

27. 'हितंमनोहारिच दुर्लभंवयः,' सूक्ति का क्या अर्थ है?

(A) हितकारी वचन दुर्लभ हैं

(B) मनोहर वचन दुर्लभ हैं

(C) हितकारी और मनोहर वचन दुर्लभ हैं

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

28. 'किरातार्जुनीयम्' के प्रथम सर्ग के अनुसार दुर्योन द्यूतक्रीड़ा में छल से जीते हुए राज्य को किससे जीतना चाहता है?

(A) व्यवहार से

(B) न्याय से

(C) धर्म से

(D) बल से।

29. वनेचर ने किस वन में आकर युधिष्ठिर को दुर्योधन की शासन व्यवस्था से अवगत कराया?

(A) गिरिवन में

(B) सुन्दर वन में

(C) सुरभि वन में

(D) द्वैत वन में।

30. माहेश्वर सूत्रों की संख्या कितनी है?

(A) बारह

(B) तेरह

(C) चौदह

(D) ग्यारह।

31. 'तुल्यास्य प्रयत्नं सवर्णम्', इस संज्ञा सूत्र का अर्थ है?

(A) जिन वर्णों का महेश्वर सूत्रों में पाठ और बाह्य प्रयत्न तुल्य है, वे परस्पर सवर्ण संज्ञक हैं।

(B) जिन वर्णों का तालु आदि उच्चारण स्थान और बाह्य प्रयत्न तुल्य है, वे परस्पर सवर्ण संज्ञक हैं

(C) जिन वर्णों का तालु आदि उच्चारण स्थान और आभ्यन्तर प्रयत्न तुल्य है, वे परस्पर सवर्ण संज्ञक हैं

(D) जिन वर्णों का आभ्यन्तर प्रयत्न और बाह्य प्रयत्न तल्य है, वे परस्पर सवर्ण संज्ञक हैं।

SAMPLE PAPER

32. वकार का उच्चारण स्थान है-

(A) दन्त-ओष्ठ

(B) कण्ठ-ओष्ठ

(C) मूर्धा-ओष्ठ

(D) तालु-ओष्ठ।

33. 'मध्वरि-?' का सन्धि विच्छेद है-

(A) मधु+वरि

(B) मधू+अरि

(C) मधु+अरि

(D) मधू+वरि।

34. 'पावकः' पद में कौन-सी सन्धि हुई है?

(A) यणसन्धि

(B) दीर्घ सन्धि

(C) अयादि सन्धि

(D) गुण सन्धि।

35. गुण संज्ञा करनें वाल सूत्र है-

(A) अदेङ् गुणः

(B) आद् गुणः

(C) अतो गुणे

(D) इकोगुण वृद्धि।

36. 'वृद्धि' संज्ञा करने वाल सूत्र है:-

(A) वृद्धिरादैच्

(B) वृद्धिरेचि

(C) इकोगुण-वृद्धिः

(D) अकः सवर्णे दीर्घः।

37. 'अक्' प्रत्याहार कितनें वर्णो की संज्ञा है?

(A) पाँच वर्णो की

(B) छः वर्णो की

(C) चार वर्णो की

(D) तीन वर्णो की।

38. 'श्रीशः' का सन्धिविच्छेद है:-

(A) श्री+ईशः

(B) श्रि+ईशः

(C) श्री+इशः

(D) श्रि+इशः।

39. 'कृ' धातु से कर्म में 'अनीयर् प्रत्यय का कृदन्त रूप है।

(A) करनीयः

(B) करनियः

(C) करणियः

(D) करणीयः।

SAMPLE PAPER

40. 'कृत्प्रत्ययान्त प्रयोग नहीं है-

(A) कुर्वः

(B) कर्त्तव्यः

(C) कृत्वा

(D) कार्यम्।

41. ऋग्वेद के प्रथम मण्डल के प्रथम 'अग्निसूक्त' के ऋषि है-

(A) विश्वामित्र

(B) गृत्समद

(C) वसिष्ठ

(D) वामदेव।

42. किस वैदिक देव को 'वज्र बाहुः' और 'वज्रहस्त' कहा गया है?

(A) अग्नि को

(B) इन्द्र को

(C) वरूण को

(D) प्रजापति को।

43. किस वैदिक देवता का वर्णन ब्रह्माण्ड और विश्व के शासक के रूप में किया गया है?

(A) वरूण देव का

(B) अग्नि देव का

(C) पूषा देव का

(D) इन्द्र देव का।

44. ऋग्वैदिक देव इन्द्र को 'असुरहन्ता' कहा जाता है, क्यों कि इन्द्र नेः-

(A) रौहिण नामक असुर का वध किया

(B) शम्बर नामक असुर का वध किया

(C) बल नामक असुर का वध किया

(D) उपर्युक्त सभी का वध किया।

45. 'यम' ने नचिकेता को कितनें वर दिएः-

(A) दो

(B) एक

(C) तीन

(D) पाँच।

46. नचिकेता ने प्रथम वर के रूप में यमराज से क्या माँगा?

(A) मेरे पिता मेरे प्रति शान्तसंकल्प हों

(B) मेरे पिता क्रोध रहित और प्रसन्न मन वाले हों

(C) आपके द्वारा मुक्त किये गये, मुझसे प्रसन्न होकर बातें करें

(D) उपर्युक्त तीनों।

47. कठोपनिषद् का किस वेद से सम्बन्ध है?

(A) ऋग्वेद से

(B) सामवेद से

(C) यजुर्वेद से

(D) अथर्व वेद से।

SAMPLE PAPER

48. 'शुकनास' किस राजा के मन्त्री थे?

(A) जयापीड़

(B) तारापीड़

(C) चन्द्रापीड़

(D) राजवाहन।

49. शुकनास के अनुसार महान् अनिर्थपरम्परा है:-

(A) जन्म से ही सम्पदाओं का स्वामी होना

(B) अभिनव यौवन का होना

(C) अनुपम सौन्दर्य और अमानुषी शक्ति का होना

(D) उपर्युक्त तीनों।

50. 'वेद' शब्द का अर्थ है:-

(A) संकलन

(B) सिद्धान्त

(C) ऋषि वचन

(D) ज्ञान।

51. यज्ञ-यागादि का विस्तृत वर्णन किस वेद में किया गया है?

(A) यजुर्वेद में

(B) सामवेद में

(C) अथर्ववेद में

(D) ऋग्वेद में।

52. अथर्ववेद का अन्य नाम क्या है?

(A) मृग-अंगिरा वेद

(B) ब्रह्म वेद।

(C) भेषज वेद

(D) उपर्युक्त सभी।

53. 'हरि' शब्द का चतुर्थी एक वचन का रूप है:-

(A) हरी

(B) हरेः

(C) हर्यो

(D) हरये।

54. 'युस्मद्' शब्द का सप्तमी एक वचन का रूप है:-

(A) युवयोः

(B) तव

(C) त्वयि

(D) त्वया।

55. 'गुरू' शब्द का पंचमी एक वचन का रूप है:-

(A) गुरोः

(B) गुरौ

(C) गुर्वोः

(D) गुरू।

SAMPLE PAPER

56. 'राम' शब्द का द्वितिया बहुवचन का रूप है:-

(A) रमान्

(B) रमान

(C) रामन्

(D) रामान।

57. 'अभिज्ञान शाकुन्तलम्' की कथा का स्रोत क्या है?

(A) रामायण

(B) महाभारत

(C) पुराण

(D) बृहत्कथा।

58. किस ऋषि ने शकुन्तला को शाप दिया?

(A) वसिष्ठ

(B) विश्वामित्र

(C) भृगु

(D) दुर्वासा।

59. दुष्यन्त और शकुन्तला का पुनर्मिलन किस ऋषि के आश्रम में होता है?

(A) कण्व-आश्रम में

(B) आत्रेय ऋषि के आश्रम में

(C) मारीच ऋषि के आश्रम में

(D) विश्वामित्र ऋषि के आश्रम में।

60. 'अभिज्ञानशाकुन्तलम्' के नायक 'दुष्यन्त' किस कोटि के नायक हैं?

(A) धीरोद्धत

(B) धीरललित

(C) धीरप्रशान्त

(D) धीरोदान्त।

61. 'दुष्यन्त' को किस वंश का बताया गया है?

(A) चन्द्र वंश का

(B) सूर्य वंश का

(C) पुरू वंश का

(D) वैवस्वत वंश का।

62. शकुन्तला की विदाई का वर्णन किस अंक में किया गया है:-

(A) तृतीय अंक में

(B) द्वितीय अंक में

(C) चतुर्थ अंक में

(D) पंचम अंक में।

63. कण्व ऋषि शकुन्तला को किसके साथ विदा करते हैं?

(A) गौतमी के साथ

(B) शार्ङ्गरव के साथ

(C) शारद्वत के साथ

(D) उपर्युक्त तीनों के साथ।

SAMPLE PAPER

64. दुष्यन्त को प्रत्यभिज्ञान स्वरूप स्वनामाङ्कित मुद्रिका की प्राप्ति किस अंक में होती है?

(A) सातवें अंक में

(B) छठे अंक में

(C) पंचम अंक में

(D) अष्टम अंक में।

65. 'अनुष्टुप्' के दूसरे और चौथे यरण में सातवाँ अक्षर होता है:-

(A) लघु

(B) गुरू

(C) क्रमशः लघु-गुरू

(D) क्रमशः गुरू-लघु।

66. 'मन्दाक्रान्ता' छन्द में कितनें वर्ण होते हैं?

(A) 15 वर्ण

(B) 16 वर्ण

(C) 17 वर्ण

(D) 21 वर्ण।

67. 'मालिनी' छन्द कितनें वर्ण का होता है?

(A) 14 वर्ण का

(B) 15 वर्ण का

(C) 19 वर्ण का

(D) 17 वर्ण का।

68. 'काव्यदीपिका' की अष्टम शिखा में संकलित अलंकार लक्षण 'काव्य शोभाकरान् धर्मान् अलंकारान् प्रचक्षते', किस आचार्य का है?

(A) दण्ड़ी का

(B) वामन का

(C) भामह का

(D) विश्वनाथ का।

69. 'काव्यदीपिका' में संकलित अनुप्रास अलंकार का यह लक्षण 'अनुप्रासः शब्द साम्यं वेपम्येऽपि स्वरस्य यत्' किस आचार्य का है?

(A) मम्मट का

(B) वामन का

(C) भामह का

(D) विश्वनाथ का।

70. भास के नाटकों की कुल संख्या है?

(A) 10 (B) 11

(C) 13 (D) 9

71. संस्कृत-नाटककारों में करूण-रस-सिद्ध कवि के रूप में किस की पहचान है?

(A) शूद्रक की

(B) हर्ष की

(C) भट्ट नारायणट की

(D) भवभूति की।

SAMPLE PAPER

72. कौन सी रचना भासकृत नहीं है-

(A) प्रतिज्ञायौगन्धरायण

(B) चारूदत्त

(C) कर्णभार

(D) मृच्छकटिक।

73. 'दशकुमारचरित' किसकी रचना है?

(A) दण्डी की

(B) सुबन्धु की

(C) बाण भट्ट की

(D) पण्डिता क्षमाराव की

74. कालिदास रचित काव्यों की सर्वमान्य संख्या है:-

(A) 5

(B) 6

(C) 7

(D) 3

75. किस रचना का सम्बन्ध भट्टनारायण से है:-

(A) मालतीमाधव

(B) मध्वभव्यायोग

(C) वेणीसंहार

(D) मुद्राराक्षस।

76. किस रचना में भास के नाटक 'चारूदत्त' का परिवर्धित रूप देखनें को मिलता है?

(A) महावीर चरित में

(B) मुद्रा राक्षस में

(C) मृच्छकटिक में

(D) मालती माधव में।

77. तर्क संग्रह के लेखक हैं:-

(A) मुकुल भट्ट

(B) महिम भट्ट

(C) अन्नं भट्ट

(D) जयराशि भट्ट।

78. बैशेषिक दर्शन में कितने पदार्थ मानें गये हैं?

(A) 16

(B) 7

(C) 6

(D) 24

79. तर्कसंग्रह में कितनें द्रव्य पदार्थ मानें गये हैं?

(A) 9

(B) 5

(C) 7

(D) 12

SAMPLE PAPER

80. तर्कसंग्रह में यथार्थ अनुभव के कितनें प्रकार मानें गये हैं:-

(A) 4

(B) 2

(C) 5

(D) 3

81. तर्कसंग्रह में कर्म नामक पदार्थ के कितनें भेद मानें गये हैं:-

(A) 4

(B) 6

(C) 3

(D) 5

82. जिस द्रव्य पदार्थ में समवाय सम्बन्ध से गन्ध रहता है, वह है:-

(A) पृथिवी

(B) जल

(C) वायु

(D) आकाश।

83. श्रीमद् भगवद् गीता का तृतीय अधयाय किस नाम से प्रसिद्ध है?

(A) ज्ञान योग

(B) भक्ति योग

(C) कर्म योग

(D) अध्यात्म योग।

84. श्रीमद् भगवद् गीता में 'गुडाकेश:' किसे कहा गया है?

(A) संजय को

(B) धृतराष्ट्र को

(C) अर्जुन को

(D) श्रीकृष्ण को।

85. श्रीमद्भगवद् गीता में 'हृषिकेश:' विशेषण किसके लिए प्रयुक्त हुआ है?

(A) युधिष्ठिर के लिए

(B) भीष्मपितामह के लिए

(C) अर्जुन के लिए

(D) श्रीकृष्ण के लिए।

86. श्रीमद् भगवद् गीता में आत्मा को कहा गया है:-

(A) नित्य

(B) अजन्मा

(C) शाश्वत

(D) उपर्युक्त तीनों।

87. नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावक:' में प्रयुक्त 'नैनं' किसका वाचक है?

(A) शरीर का

(B) आत्मा का

(C) मन का

(D) इन्द्रिय का।

SAMPLE PAPER

88. श्रीमद् भागवद् गीता के अनुसर 'बुद्धिनाश' किससे होता है?

(A) स्मृति के भ्रमित हो जाने से

(B) क्रोध से

(C) ईर्ष्या से

(D) आसक्ति से।

89. लकार कितनें मानें गये हैं?

(A) 10

(B) 9

(C) 12

(D) 3

90. लकार के स्थान पर अदिश किए जानें वाले 'लिङ्' प्रत्ययों की संख्या कितनी है?

(A) 9

(B) 3

(C) 12

(D) 18

91. आत्मने पद्संज्ञक प्रत्यय होते हैं?

(A) त आताम् झ से इट् वहि महिङ् तक 9 प्रत्यय।

(B) शानच् प्रत्यय

(C) कानच् प्रत्यय

(D) उपर्युक्त सभी

92. आत्मनें पद प्रत्यय किस धातु से होते हैं?

(A) जिस धातु का अनुदात्त इत् हो; उससे

(B) जिस धातु का ङकार इत् हो उससे

(C) जो धातु ञित् हो, और क्रिया का फल कर्ता को प्राप्त हो उससे

(D) उपर्युक्त तीनों से।

93. 'सार्वधातुकाऽऽहधितुकायो:' सूत्र से क्या होता है:-

(A) इगन्त अङ्ग के स्थान पर गुण होता है

(B) इगन्त अङ्ग के स्थान पर वृद्धि होती है

(C) इगन्त अङ्ग के स्थान पर यणादेश होता है

(D) इगन्त अङ्ग का लोप होता है।

94. विधि आदि अर्थों में धातु से परे कौन सा लकार होता है?

(A) लँट्

(B) लृँट्

(C) लोट्ँ

(D) लिँट्।

95. आशीर्वाद अर्थ में धातु से परे कौन-सा लकार होता है:-

(A) लिङ्ँ

(B) लुङ्ँ

(C) लृङ्ँ

(D) लँङ्।

SAMPLE PAPER

96. 'एरूः' सूत्र क्या करता है?

(A) अकार को उकार करता है

(B) इकार को उकार करता है

(C) एकार को उकार करता है

(D) ओकार को उकार करता है।

97. 'बभूवुः' में लकार; वचन और पुरूष हैः-

(A) लिँट् लकार, प्रथम पुरूष बहुवचन

(B) लिँट् लकार, मध्यम पुरूष बहुवचन

(C) लिँट् लकार प्रथम पुरूष, द्विवचन

(D) लिँट् लकार उत्तम पुरूष एक वचन।

98. इन्द्र विजय के लेखक कौन हैं?

(A) नवल किशोर काँकार

(B) गिरिधर शर्मा चतुर्वेदी

(C) भट्ट मथुरानाथ शास्त्री

(D) पं-मधुसूदन ओझा।

99. 'रामायण' को अन्य किस नाम से जाना जाता है?

(A) आदि काव्य

(B) वीर काव्य

(C) आर्ष काव्य

(D) उपर्युक्त तीनों।

100. रामायण में कुल कितनें काण्ड हैं?

(A) 6 काण्ड

(B) 7 काण्ड

(C) 5 काण्ड

(D) 10 काण्ड

SAMPLE PAPER